# आरटीओ की प्लेट लगाकर सागौन की तस्करी

- आमाडोह के समीप देर रात वन विभाग ने की कार्रवाई
- चार आरोपी गिरफ्तार, बड़ी संख्या में सागौन जब्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ रेहटी 11 जुलाई. वन विभाग और पुलिस की चैकिंग से बचने के लिए सागौन के तस्करों ने हैरतअंगेज तरीका तलाश निकाला. सागौन तस्करों ने एक बुलेरो पर आरटीओ की तख्ती लगाई और सागौन के अवैध परिवहन में लग गए. हालांकि इसके बाद भी वन विभाग के अमले ने उनकी कारस्तानी को भांप लिया और बुलेरो सहित एक कार को पकड़ते हुए उसमें भरी अवैध सागौन की सिल्ली सहित चार आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है.**

जिले के जंगलों में सागौन तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि पुलिस और वन विभाग की आंखों में धूल झोंकने के लिए उन्होंने अपनी बुलेरो पर आरटीओ की प्लेट तक लगा दी. लेकिन वन विभाग की सतर्कता और सटीक रणनीति के आगे उनकी चालाकी ज्यादा देर नहीं टिक सकी. जिले के वन परिक्षेत्र देलावाड़ी में वन अमले ने गुरुवार की देर रात घेराबंदी कर अवैध सागौन परिवहन में लगी एक कार और एक बोलेरो को पकड़ लिया. कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार चार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया.




## आरोपियों का कहना पूर्व में आरटीओ में थी अटैच

बुलेरो और होंडा सिटी कार के साथ पकड़ाए आरोपी ग्राम मालाखेड़ी निवासी सोहेल शेख आ. नासिर शेख, नीलेश यादव आ. छोटेलाल यादव, अर्पित यादव आ. शारदा प्रसाद यादव के अलावा सुरई ढाबा निवासी सुरेश आ. कान्हा बारेला ने पूछताछ में बताया कि उक्त बुलेरो क्रमांक एमपी 05 टी 2181 पूर्व में नर्मदापुराम के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में अटैच थी. अटैचमेंट समाप्त होने के बाद भी उन्होंने वाहन पर लगी तख्ती को नहीं हटवाया था. पुलिस व वन विभाग की चैकिंग से बचने के लिए वह इसका उपयोग सागौन की तस्करी में कर रहे थे.

मामले में वन परिक्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार खरे ने बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल क्षेत्र से कीमती सागौन की लकड़ी अवैध रूप से काटकर वाहनों के माध्यम से बाहर भेजी जा रही है. मुखबिर की सूचना मिलते ही वन अधिकारियों ने टीम गठित कर संभावित मार्गों पर घेराबंदी कर दी.

कुछ ही देर बाद ग्राम आमाडोह के नजदीक संदिग्ध कार और बोलेरो मौके पर पहुंचीं. बताया जाता है कि पहले तो वन अमले ने आरटीओ की तख्ती लगी बोलेरो को जाने दिया, लेकिन जब उसके पीछे आ रही होंडा सिटी कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें अगली सीट हटाकर अवैध रूप से रखी सागौन की सिल्लियां नजर आईं. कार में सवार लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने आगे निकली बोलेरो से भी सागौन की अवैध तस्करी के बारे में बताया. वन अमले ने तुरंत बोलेरो का पीछा किया और उसे भी पकड़ लिया. उसमें से भी सागौन की अवैध लकड़ी मिली, जिसके बाद दोनों वाहन जब्त कर लिए गए. रेंजर खरे ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है.

## फरार इनामी डबल मर्डर का दोषी गिरफ्तार

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने छह वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी एवं डबल हत्या के मामले में आजीवन कारावास से दंडित आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी वर्ष 2021 में पैरोल पर आने के बाद फरार हो गया था. वर्ष 2010 में ग्राम धामनखेड़ा में लड़की छेड़ने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने बलराम खाती के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई. जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. प्रकरण की सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने 3 सितंबर 2011 को आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया. इनमें से आरोपी कल्लू उर्फ कालू भिलाला वर्ष 2021 में पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था, जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था.

# कीचड़-पानी और गड्ढों से परेशान हो रहे आमजन

**गाड़ाघाट से कारगिल चौक तक बननी है सड़क**

**निर्माण की धीमी चाल से आमजन हो रहे परेशान**

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 11 जुलाई. शहर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं।**

गाड़ाघाट से कारगिल चौक तक लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सडक का निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किए जाने के कारण लोग पिछले कीचड़, पानी और गड्डों के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। बता दे कि बैतूल विधायक के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल



चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन अभी भी निर्माण कार्य कछुआ चाल में चल रहा है। जिसका खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य शुरू हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल करीब 25 प्रतिशत सडक का ही निर्माण पूरा हो सका है। सबसे अधिक परेशानी मेघनाथ चौक से बच्चा जेल की ओर करीब 200 मीटर लंबे हिस्से में हो रही है, जहां लगभग 10 दिन पहले सड़क की खुदाई कर दी गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। दूसरी ओर बीच के कई हिस्सों में सड़क अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे पूरी सड़क पर आवागमन अव्यवस्थित हो गया है।

### 10 मी. चौड़ी बनना है सड़क

कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक बनेगी। सडक की चौड़ाई बढने से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा।




## बीएमसी में जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. विश्व जनसंख्या दिवस पर बीएमसी में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ संघ के तत्वावधान में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति चौहान एवं डॉ. शिविका यादव ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. संचालन साक्षी पाण्डेय ने किया. श्रीमति सुप्रिया नवाथे ने कहा हम सब मिलकर कार्य करे तथा युवा वर्ग कार्य करे तो कोई वो लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है.

# तेज रफ्तार ट्रक ने ली बुजुर्ग की जान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 11 जुलाई, नगर के धर्मकांटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित नागरिकों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई.**

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक ऋछ्व 09 त्नश्च 8964 बासौदा शहर की ओर से कृषि उपज मंडी की तरफ जा रहा था. इसी दौरान विजयनगर सेक्टर-2 निवासी रतिराम गौड़ (70) सड़क पार कर रहे थे. ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.स्थानीय लोगों ने बताया कि रतिराम गौड़ प्रतिदिन धर्मकांटा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर दर्शन के लिए आते थे. शुक्रवार को भी मंदिर से दर्शन कर घर लौटते समय यह हादसा हो गया. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. बाद में उसने ग्राम हतौड़ा में ट्रक खड़ा कर दिया.



धर्मकांटा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद एक बार फिर बरेठ रोड की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं.बरेठ रोड शहर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है. इसी मार्ग पर कृषि उपज मंडी, कॉलेज, स्कूल, जनपद पंचायत, कृषि विभाग सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय स्थित हैं, जिससे पूरे दिन वाहनों और पैदल राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है. इसके बावजूद भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं और उनके प्रवेश का कोई निर्धारित समय नहीं है.

# मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा



**बुधनी. सिविल अस्पताल परिसर में नव निर्मित कुंडेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ.**

कलश यात्रा मेंमहिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सिर पर कलश रखकर सहभागिता की. मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया. अस्पताल परिसर में नव निर्मित कुंडेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता अर्जुन मालवीय एवं सीबीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया.



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की मिशन स्टीयरिंग ग्रुप की तृतीय बैठक में सहभागिता की। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, श्री जितिन प्रसाद तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छपते-छपते

# लिंडा नोस्कोवा बनीं विंबलडन चैंपियन

**नई दिल्ली.** लंदन के आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे. लेकिन सेंटर कोर्ट पर मौजूद दर्शकों की सांसें थमी हुई थीं. विंबलडन के इस ऐतिहासिक मैदान पर सिर्फ एक टेनिस मैच नहीं, बल्कि चेक टेनिस के एक नए सुनहरे अध्याय की पटकथा लिखी जा रही थी. दो सहेलियां, दो हमवतन और दो बेहतरीन खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा और करोलिना मुचोवा एक-दूसरे के सामने थीं. दांव पर था साल का सबसे प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम खिताब विम्बलडन. मैच के अंतिम क्षणों में तनाव हवा में साफ महसूस किया जा सकता था. मैच पॉइंट पर, जब करोलिना मुचोवा का एक बैकहैंड शॉट कोर्ट की सफेद रेखा से बाहर गया, तो सेंटर कोर्ट पर जैसे तालियों का तूफान आ गया. आखिरकार, 21 वर्षीय लिंडा नोस्कोवा ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन चुकी थीं.



## दक्षिण भारत की सुर सम्राज्ञी एस. जानकी का निधन

**मैसूरु, 11 जुलाई** ।भारतीय सिनेमा की दिग्गज पार्श्व गायिका और 'दक्षिण भारत की नाइटिंगेल' के नाम से प्रसिद्ध एस. जानकी का 88 वर्ष की उम्र में मैसूरु के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनकी पोती अप्सरा ने भावुक संदेश साझा कर की। उनके जाने से भारतीय संगीत जगत ने अपनी सबसे प्रतिष्ठित आवाजों में से एक को खो दिया है। एस. जानकी ने छह दशक से अधिक लंबे अपने संगीत सफर में लगभग 48 हजार गीतों को अपनी आवाज दी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ सहित 17 से अधिक भाषाओं में गायन किया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा से देशभर के श्रोताओं का दिल जीता। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति और सुरों की मिठास के कारण उन्हें 'गाना कोकिला' के नाम से भी जाना जाता था।



## मायावती का दलितों को संदेश

**लखनऊ, 11 जुलाई** । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लगातार कई पोस्ट साझा करते हुए दलितों को संदेश दिया और विपक्षी दलों और कुछ संगठनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बसपा राजनीतिक स्वार्थ के लिए धरना-प्रदर्शन, सड़क जाम, तोड़फोड़ या किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधियों में विश्वास नहीं करती। उनके अनुसार पार्टी की राजनीति 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है।



मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बसपा स्वयं को एक सच्ची अंबेडकरवादी पार्टी मानती है और उसका उद्देश्य गरीबों, मजदूरों, शोषितों, पीड़ितों तथा उपेक्षित वर्गों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने अपने चार बार के मुख्यमंत्री कार्यकाल का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उस दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर रही और कानून

# अनिल अंबानी की 1,021 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली,11 जुलाई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ चल रही जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,021 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की हैं। इस कार्रवाई के साथ ही समूह से जुड़े मामलों में अब तक कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 20,367 करोड़ रुपये पहुंच गया है। एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग और कथित फंड डायवर्जन से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है।**

मामले में अदालत का अंतिम फैसला अभी आना बाकी है। ईडी के अनुसार, जांच रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड से



जुड़े मामलों पर केंद्रित है। यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी, जिनमें विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की शिकायतें शामिल हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि दोनों कंपनियों ने करीब 15,548 करोड़ रुपये का सार्वजनिक धन जुटाया था। आरोप है कि इस राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के बजाय कथित रूप से शेल कंपनियों और समूह से जुड़ी अन्य संस्थाओं के माध्यम से दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया। ईडी का कहना है कि इस पूरे लेनदेन की जांच मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू से की जा रही है। ताजा कुर्की में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पास मौजूद रिलायंस पावर के कुछ इक्विटी शेयर, सासन पावर से जुड़े अधिकार और कुछ ऋण दावों को भी शामिल किया गया है। एजेंसी ने बताया कि फेमा के तहत अलग से 77.86 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की गई है।

# दतिया राजपरिवार के घनश्याम सिंह कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

**दतिया।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने पूर्व विधायक घनश्याम सिंह के नाम पर मुहर लगा दी है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक पार्टी नेतृत्व के बीच उनके नाम पर सहमति बनी। इसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रमुख महासचिव के वेणुगोपाल ने प्रेस रिलीज जारी कर देर रात उनके नाम की विधिवत घोषणा कर दी। घनश्याम सिंह दतिया राजघराने के मुखिया हैं। घनश्याम सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से उनके पास सूचना आ गई है कि उनका नाम घोषित हुआ है और उन्हें चुनाव लड़ना है। उन्होंने पूरी तैयारी कर ली है। इस बीच पीसीसी सदर जीतू पटवारी कल रात दतिया पहुंच रहे हैं। वे घनश्याम सिंह को नामांकन पत्र भरवाएंगे। दतिया किले में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया जा रहा है।



**हंगामा** पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों का हिंसक प्रदर्शन

# पथराव और चक्काजाम में 8 पुलिसकर्मी घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर/दतिया, 11 जुलाई. भाजपा नेतृत्व दतिया में पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों द्वारा किए गए हिंसक प्रदर्शनों, चक्काजाम एवं इन घटनाओं में एसपी और एएसपी समेत आठ पुलिसकर्मियों के घायल होने की घटना के बाद डॉ. मिश्रा पर सख्त हो गया है.**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें आनन फानन में भोपाल तलब किया, जहां उन्हें अनुशासन की हद बताते हुए कड़ी नसीहत दी जा सकती है. हालांकि भोपाल पहुंचने के बाद डॉ मिश्रा ने कहा कि पार्टी के किसी बड़े नेता का उन्हें फोन



नहीं आया. पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसका मैं सम्मान करता हूं. नाराज कार्यकर्ताओं को मना लिया जाएगा. उन्होंने आश्वस्त किया कि उपचुनाव में सभी मिलकर काम करेंगे. इससे पूर्व आज शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे नरोत्तम समर्थकों द्वारा किए पथराव में एसपी मयूर खंडेलवाल, एएसपी, एसडीओपी और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं कुछ नरोत्तम समर्थक कार्यकर्ताओं के भी घायल होने की सूचना है. हालात बिगड़ने पर पुलिस ने एसएएफ की तीन कंपनियां एवं अतिरिक्त बल तैनात किया. सुबह कुछ समर्थकों ने भाजपा कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था, जिन्हें बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद बाहर निकाला गया.

**संगठन प्रभारी के समक्ष लगे मुर्दाबाद के नारे:** टिकट विवाद के बीच भाजपा के दतिया प्रभारी अभय प्रताप यादव शनिवार को दतिया पहुंचे. जब वे बात कर रहे थे, तभी कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे.

वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दतिया उपचुनाव में भाजपा के भीतर चल रही नाराजगी पर कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा पार्टी के वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं. संगठन के निर्णय का सम्मान करेंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा में टिकट घोषित होने के बाद उसे बदलने की परंपरा नहीं है. दतिया में भी उम्मीदवार बदलने की संभावना नहीं है.



### प्रशासन ने पूरे जिले में लागू की धारा 163

गौरतलब है कि दतिया उपचुनाव में भाजपा ने संघ से सीधे जुड़े आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है. बीती शाम यह खबर फैलते ही पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा के समर्थक भड़क गए. उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. पूरे शहर में पथराव, चक्काजाम और पुलिस से झड़प शुरू हो गई. इसके बाद आज शनिवार सुबह प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 163 लागू कर दी. इसके तहत बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. साथ ही 5 या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर भी रोक लगा दी गई है. बहरहाल, कोतवाली पुलिस ने 17 बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की है.

### सिंधिया को बनाया दतिया क्षेत्र का मुख्य चुनाव प्रभारी

दतिया जिले में विधानसभा उपचुनाव और पार्टी की चुनावी तैयारियों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दतिया क्षेत्र का मुख्य चुनाव प्रभारी बनाया है. इसके बाद सिंधिया ने दतिया के भाजपा नेताओं से बात की है.

# ढाई घंटे बाद सीएस के कहने पर मिली एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाल व्यवस्था पर शुक्रवार को प्रकाशित खबर के अगले ही दिन शनिवार को एक और मामला सामने आ गया. जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पीपलबे पुरोहित में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को भोपाल रेफर किए जाने के बावजूद करीब ढाई घंटे तक 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी. अंतत: जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा के हस्तक्षेप के बाद एम्बुलेंस पहुंची और मरीज को भोपाल रवाना किया जा सका.



शनिवार को कुरावर तहसील के ग्राम गॉदूपुरा निवासी कमल बैरागी अपने ससुराल पीपलबे पुरोहित आए हुए थे. इसी दौरान वे मकान की छत से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने भोपाल रेफर कर दिया.